**<u>हिन्दी प्रतियोगिता 2023 के विजेताओं के लिए प्रमाण पत्र वितरण समारोह की एक प्रस्तुति</u>**

भारतीय भूमि पत्तन प्राधिकरण में 31 अक्तूबर, 2023 को सभी अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए वृहद कांफ्रेस हॉल में हिंदी पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम श्री वेद प्रकाश जुयाल, अवर सचिव (सामान्य प्रशासन) द्वारा हिंदी पुरस्कार वितरण समारोह में उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का अभिनंदन किया गया। तत्पश्चात् उन्होंने हिंदी पखवाड़ा आयोजन की एक संक्षिप्त रूपरेखा प्रस्तुत की।

उन्होंने कहा कि राजभाषा नियमानुसार विभिन्न सरकारी कार्यालयों में हिन्दी के प्रचार को बढ़ावा देने के लिए और सरकारी कामकाज में अधिकारियों व कर्मचारियों की हिन्दी के प्रति रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से सितंबर माह में हिन्दी पखवाड़ा आयोजित किया जाता है जिसमें हिन्दी के भिन्न-भिन्न विषयों पर प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती है। इसी क्रम में सितंबर माह में हमारे संस्थान में भी हिन्दी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसके बाद, श्री वेद प्रकाश जुयाल, अवर सचिव (सामान्य प्रशासन) ने समारोह में उपस्थित सभी माननीय अधिकारियों से अपने विचार व्यक्त करने का निवेदन किया।

श्रीमती रेखा रायकर कुमार, सदस्य (वित्त) ने हिन्दी समारोह में उपस्थित सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार प्राप्त करने हेतु हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रतियोगिता में भाग लेना अपने आप में ही एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। आप सबने हिन्दी पखवाड़े के दौरान आयोजित विभिन्न हिन्दी प्रतियोगिताओं में पुरस्कार प्राप्त कर राजभाषा हिन्दी को आगे बढ़ाने में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है, इसके लिए आप सभी बधाई के पात्र है। आप सभी इसी प्रकार हिन्दी प्रतियोगिताओं में भाग लेते रहे और राजभाषा हिन्दी को बढ़ाने में निरंतर योगदान देते रहें।

श्री यशवंत कुमार जैन, अवर सचिव (वित्त/रा.भा.) ने उपस्थित सभी अधिकारियों/कर्मचारियों का हार्दिक अभिनंदन करते हुए कहा कि मैं राजभाषा हिन्दी

से जुड़ा हूँ और मुझे नोडल अधिकारी हिन्दी का कार्यभार संभालने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, जिसके कारण मैं कार्यालय में राजभाषा हिन्दी को आगे बढ़ाने में अपना योगदान दे पाया और सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को हिन्दी में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही, मैं सभी उपस्थित प्रतिभागियों का आभार प्रकट करता हूँ कि उन्होंने हिन्दी पखवाड़े में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़ कर भाग लिया। मैं उपस्थित पदाधिकारियों से यह अपील करता हूँ कि वह आगे भी इसी प्रकार हिन्दी प्रतियोगिता में बढ़-चढ़ कर भाग ले।

उसके पश्चात्, श्री वेद प्रकाश जुयाल, अवर सचिव (सामान्य प्रशासन) ने अध्यक्ष महोदय से हिंदी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को अपने करकमलों से पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र वितरण करने का अनुरोध किया। अध्यक्ष महोदय ने हिंदी प्रतियोगिताओं के सभी विजेताओं को प्रमाणपत्र वितरित किए और उन्हें बधाई दी।


प्रमाणपत्र वितरण के पश्चात् श्री वेद प्रकाश जुयाल, अवर सचिव (सामान्य प्रशासन) ने अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद देते हुए उन्हें प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने का अनुरोध किया।

अंत में, अध्यक्ष महोदय ने सभी उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि मुझे इस बात की बेहद प्रसन्नता हो रही है कि हमारे कार्यालय में बड़ी संख्या में स्टाफ हिंदी प्रतियोगिताओं में भाग ले रहे हैं। साथ ही, इस बार प्रतियोगिताओं को नियमित, आउटसोर्स व सफाई कर्मचारियों के अनुसार वर्गीकृत किया गया है और उन्हें पुरस्कार राशि भी प्रदान की गई है। अतः मैं हिन्दी प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को बधाई देता हूँ और यह आशा करता हूँ कि आगे भी आप सभी राजभाषा हिन्दी को और आगे बढ़ाने में अपना महत्त्वपूर्ण योगदान देते रहेंगे।

इसी के साथ ही, आप सभी से अनुरोध है कि आप सभी सप्ताह में प्रत्येक बुधवार राजभाषा हिन्दी में काम करें और हिन्दी में ईमेल करें, फ़ाइलों का शीर्षक द्विभाषिक जारी करें तथा कार्यालय में अधिक से अधिक कार्य हिन्दी में करके दूसरों

के लिए भी अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करें एवं संवैधानिक दायित्वों की पूर्ति करें। इसी के साथ ही सभी का आभार एवं धन्यवाद व्यक्त करते हुए हिंदी पुरस्कार वितरण समारोह का समापन किया गया।

**हिन्दी पखवाड़े के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं में भाग लेते हुए कर्मचारी:-**






- हिन्दी पखवाड़े में निबंध प्रतियोगिता में भाग लेते हुए प्रतिभागी




- हिन्दी शब्द ज्ञान प्रतियोगिता में परीक्षा देते हुए कार्मिक



- हिन्दी पखवाड़े के दौरान भाषण प्रतियोगिता में बढ़-चढ़ कर भाग लेते हुए सभी प्रतिभागी





- हिन्दी राजभाषा प्रश्नोत्तर प्रतियोगिता में भाग लेते हुए प्रतिभागी-गण



- हिन्दी श्रुतलेख परीक्षा में भाग लेते हुए प्रतिभागी



- श्रुतलेख में भाग लेते हुए प्रतिभागियों की एक छोटी-सी झलक।





- हिन्दी निबंध प्रतियोगिता में भाग लेते हुए प्रतिभागी



**दिनांक 31.10.2023 को आयोजित हिन्दी प्रमाण पत्र वितरण समारोह में प्रतिभागियों की एक झलक:-**



- श्री वेद प्रकाश जुयाल, अवर सचिव (सामान्य प्रशासन) हिंदी पुरस्कार वितरण समारोह में उपस्थित सभी पदाधिकारियों का अभिनंदन करते हुए।



- हिन्दी पुरस्कार वितरण समारोह में उपस्थित पदाधिकारियों की झलक



- अध्यक्ष महोदय के करकमलों से पुरस्कार प्राप्त करते हुए प्रतिभागियों की झलक




भारतीय
पत्तन प्राधिकरण
OF INDIA


भारतीय


भारतीय


भारतीय भूमि